भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 231

उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2020

26 फाल्गुन, 1941 (शक)

स्टेडियमों का निर्माण

231. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर स्टेडियमों का निर्माण करने का निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हई है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

स्टेडियमों का निर्माण के संबंध में श्री सतीश चंद्र दुबे, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 16.03.2020 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 231 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर स्टेडिया के निर्माण सहित खेल अवसंरचना प्रदान करने की जिम्मेदारी राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों की है । केंद्रीय सरकार राज्य सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर किसी स्टेडिया के निर्माण का कोई प्रस्ताव केंद्रीय सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

****